सत्यमेव जयते

भारत सरकार

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

GOVERNMENT OF INDIA

NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES

File No. SPS/3/2014/MHOM2/SEPROM/RU-III

6th floor, B Wing Loknayak Bhawan,
Khan Market,
New Delhi-110003
Dated: 04-06-2018

To,

The Director,
Intelligence Bureau,
35-Sardar Patel Marg,
New Delhi

Sub Representation of S/Shri Shish Pal Singh & Shyam Lal Meena, Quarter No.409, Lancer Road, Timarpur, New Delhi-110054 regarding promotion to the post of ACIO-II/WT in the Intelligence Bureau.

Sir,

I am directed to enclose herewith a copy of Proceeding of the Sitting taken by Miss Anusuiya Uikey, Hon'ble Vice-Chairperson, NCST on 16-03-2018 for information and urgent necessary action.

It is requested that action taken report in this regard may be submitted to this Commission within months' time.

Yours faithfully,

(R. K. Dubey)
Assistant Director

Copy for information and necessary action to:

1. Shri Shish Pal Singh,
   Quarter No.409,
   Lancer Road, Timarpur,
   New Delhi-110054

2. SAS, NIC, NCST uploaded on the web site.

भारत सरकार

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

(F.No.- SPS/3/2014/MHOM2/SEPROM/RU-III)

श्री शीश पाल सिंह तथा श्री श्याम लाल मीणा क्वार्टर नंबर 409, लांसर रोड, तीमारपुर, नई दिल्ली द्वारा इंटेलीजेंस ब्यूरो मे एसीआईओ-II/डबल्यूटी पद पर पदोन्नति के मामले में आयोग को प्राप्त अभ्यावेदन पर सुश्री अनुसुईया उइके, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की अध्यक्षता में दिनांक 16.03.2018 को आयोग में आयोजित सीटिंग का कार्यवृत.

बैठक की तिथि	:	16.03.2018
बैठक में उपस्थित अधिकारी	:	परिशिष्ट 'क'

---

1. श्री शीश पाल सिंह तथा श्री श्याम लाल मीणा क्वार्टर नंबर 409, लानसर रोड, तीमारपुर, नई दिल्ली ने इंटेलीजेंस ब्यूरो मे एसीआईओ-II/डबल्यूटी पद पर पदोन्नति के मामले में आयोग में अभ्यावेदन देकर न्याय दिलाने का निवेदन किया।
2. अभ्यावेदक के मामले में विचार करते हुये आयोग ने दिनांक 16.03.2018 को आयोग मे बैठक आहूत की। बैठक मे इंटेलीजेंस ब्यूरो के संयुक्त निदेशक उपस्थित हुये।
3. आयोग ने अभ्यावेदक को मामले में अपना पक्ष रखने को कहा। श्री सिंह ने आयोग को अवगत कराया कि उनकी पदोन्नति की अहर्ता 2002-03 मे पूरी होती हैं जबकि विभाग इसे मान्य नही कर रहा। विभाग मे रोस्टर मे काफी कमियाँ और विसंगतियाँ हैं। वर्ष 2004 मे अनुसूचित जनजाति की रिक्ति 14 होनी थी जो केवल 11 की गई। अनुसूचित जनजाति की रिक्तियां को विभाग के कोटे मे डायवर्ट किया गया जिसका प्रावधान नही है।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

4. आयोग ने संयुक्त निदेशक, इंटेलिजेंस ब्यूरो से इस विषय में जानकारी चाही। संयुक्त निदेशक ने आयोग को अवगत कराया कि अभ्यावेदक पदोन्नति के लिए निर्धारित अहर्ता अर्थात सेवा के 5 वर्ष दिनांक 01.01.2005 तक पूर्ण नही किए थे। अतः डीपीसी वर्ष 2002-03 मे इन्हे पदोन्नति नही दी जा सकती। इस संबंध मे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग से सलाह मांगी गई थी जिसका जवाब वहाँ से दिनांक 24.06.2010 को प्राप्त हुआ। इसमे कहा गया कि पात्रता का निर्धारण उसी वर्ष की 01 जनवरी को किया जाना है। इस प्रकार अभ्यावेदक की पात्रता का निर्धारण दिनांक 01.01.2003 को किया गया जिसके अनुसार इन्हे पात्र नही माना जा सकता। अगले वर्ष अर्थात 2003-04 मे अधिक पदोन्नति होने के कारण पदोन्नति नही की गई।

5. आयोग दोनों पक्षों को सुनने तथा दस्तावेजों का परीक्षण कर यह अनुशंसा करता है कि इस सम्बन्ध में अभ्यावेदक विभाग को लिखित आवेदन प्रमाण के साथ प्रस्तुत करें तथा इसकी सूचना आयोग को भी प्रेषित करें। विभाग इस पर समुचित परीक्षण के पश्चात नियमानुकूल कार्यवाही करे तथा की गई कार्यवाही से आयोग को यथा शीघ्र सूचित करे।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

भारत सरकार

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

(F.No.- SPS/3/2014/MHOM2/SEPROM/RU-III)

श्री शीश पाल सिंह तथा श्री श्याम लाल मीणा क्वार्टर नंबर 409, लांसर रोड, तीमारपुर, नई दिल्ली द्वारा इंटेलीजेंस ब्यूरो मे एसीआईओ-II/डबल्यूटी पद पर पदोन्नति के मामले में आयोग को प्राप्त अभ्यावेदन पर सुश्री अनुसुईया उइके, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की अध्यक्षता में दिनांक 16.03.2018 को आयोग में आयोजित सीटिंग में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची-

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

1. सुश्री अनुसुईया ऊइके, माननीय उपाध्यक्ष
2. श्री आर. के. दुबे, सहायक निदेशक
3. श्री गौरव कुमार, उपाध्यक्ष के निजी सचिव
4. श्री डी.सी.कटोच, परामर्शक

इंटेलीजेंस ब्यूरो के अधिकारी

1. श्री जगमोहन, संयुक्त निदेशक

अभ्यावेदक

1. श्री शीश पाल सिंह
2. श्री श्याम लाल मीणा